शिक्षा, संस्कार, उत्कृष्टता

DRISHTI

"NAAC ACCREDITED"

# SHYAMLAL SARASWATI MAHAVIDYALAYA

25 YEARS OF EXCELLENCE

COLLEGE CODE : 010 & 981

Affiliated to C.C.S. University, Meerut I Recognized by UGC & Approved by AICTE, NCTE

Rajju Bhaiya Saraswati Vihar, Shikarpur (Bulandshahr)

Phone: 05732-296521,9258321276, Website : www.ssmvcllg.com, Email : skr.ssmvcollege5@gmail.com

प्रकाशन वर्ष –2025 | अवधि : अप्रैल से सितम्बर 2025 | अंक – 23

**अतिथि व्याख्यान** दिनांक 2 अप्रैल 2025 को महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा एक व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनता वैदिक डिग्री कॉलेज, बडौत के समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डा0 सत्येन्द्र सिंह रहे। डा0 सत्येन्द्र सिंह ने वर्तमान समय में समाजशास्त्र की उपयोगिता के विषय में बताया कि समाजशास्त्र विषय के माध्यम से विद्यार्थी यू0पी0एस0सी0 की परीक्षा पास कर सिविल सेवा अधिकारी बनकर देश सेवा कर सकते है। इसके अलावा एन0जी0ओ0 बनाकर भी समाज की सेवा में अपना योगदान कर सकते है। व्याख्यान में बी.ए. विभाग की विभागाध्यक्ष डा0 हेमा राघव, विद्यार्थी एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। संयोजक समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डा0 राजकुमार सिह रहे।




**एन०एस०एस० शिविर** दिनांक 4 अप्रैल से 10 अप्रैल 2025 तक महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के 50 स्वयंसेवी कार्यकताओं द्वारा कार्यक्रम अधिकारी डा0 राजकुमार सिंह के निर्देशन में गांव बरासऊ, शिकारपुर में एक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के दौरान एन0एस0एस0 कार्यकर्ताओं द्वारा गांव में स्वच्छता कार्यक्रम, साक्षरता कार्यक्रम, पौधारोपण कार्यक्रम, पर्यावरण प्रदूषण मुक्ति अभियान, मतदाता जागरूकता रैली एवं शारीरिक स्वास्थ्य कार्यक्रम द्वारा ग्रामीण लोगों को साफ–सफाई, साक्षरता, पौधारोपण, स्वास्थ्य, पर्यावरण प्रदूषण मुक्ति एवं मतदान जागरूकता सम्बन्धी महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारियां ग्रामीण लोगो को दी गयी। शिविर में एक स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी0ए0 प्रथम वर्ष की छात्रा महक ने प्रथम, बी0एस–सी0 बायो0 प्रथम वर्ष की छात्रा शीतल ने द्वितीय एवं बी0एस–सी0 बायो0 प्रथम वर्ष की छात्रा छवि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन गुरूवार दिनांक 10 अप्रैल 2025 को हुआ। समापन समारोह में छात्राओं ने सांस्कृतिक क्रियाकलाप जैसे–नाटक, सामूहिक गीत, एकल गीत, भाषण तथा कविता इत्यादि प्रस्तुत किये। समापन समारोह के मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य डा0 ललित कुमार गुप्ता ने प्रतिभागी स्वयंसेवी कार्यकताओं से शिविर में सिखाई बातों को अपने घर और आसपास के लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया तथा स्वयंसेवियों से देश हित में कार्य करने को प्रेरित किया। उपप्राचार्य डा0 नीरज कुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुये स्वयंसेवियों से इस विषय पर विस्तार से चर्चा की और कहा कि हम लोगों के सफल योगदान से ही अच्छे समाज का निर्माण किया जा सकता है। समापन समारोह में नैक कॉर्डिनेटर रेशू भारद्वाज, वनस्पति विज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापिका अंकिता भारद्वाज, गणित विभागाध्यक्ष डा0 प्रशांत शर्मा, ग्राम प्रधान श्री ब्रजपाल सिंह व गांव बरासऊ के संभ्रात विशिष्ट लोग व विद्यार्थी उपस्थित रहे। शिविर सहयोगी के रूप में बी0एड0 विभाग से सहायक प्राध्यापिका श्रीमती हदयेश राजपूत रहीं।



**स्काउट एवं गाइड कैम्प** दिनांक 11 अप्रैल से 15 अप्रैल 2025 तक शिक्षा संकाय द्वारा महाविद्यालय में बी0एड0 द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के स्काउट एवं गाइड कैम्प का आयोजन किया गया । कैम्प का विधिवत् शुभारम्भ प्राचार्य डा0 ललित कुमार गुप्ता, भारत स्काउट–गाइड, बुलन्दशहर के जिला कमांडेंट श्री पवन राठी, प्रशिक्षक नकुल कुमार व मनीष कुमार द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया गया। कैम्प के प्रथम दिवस पर स्काउट एवं गाइड मास्टर श्री पवन राठी ने कैम्प से सम्बन्धित अनेकों गतिविधियों, नियमों, स्काउट गाइड के इतिहास, उद्देश्य तथा महत्व के बारे में विस्तार–पूर्वक छात्र–छात्राओं को समझाया तथा महापुरूषों एवं वीरांगना महिलाओं के नाम पर 10 टोलियां बनाकर विद्यार्थियों को अलग–अलग समायोजित किया। द्वितीय दिवस पर प्रशिक्षक नकुल कुमार व मनीष कुमार ने विभिन्न प्रकार की गतिविधियां करायी। तृतीय दिवस में प्राथमिक चिकित्सा एवं गांठ बंधन की विधियों को

**महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम**

- एम०एड०/बी0एड0 (दो वर्षीय)
- एम0एस0सी0 जूलॉजी/बॉटनी
- एम०एस–सी० गणित
- एम०एस–सी० रसायन विज्ञान
- एम०एस–सी० बायोटेक्नोलॉजी
- एम०ए० राजनीति विज्ञान
- एम०ए० समाजशास्त्र
- बी०एस–सी० गणित
- बी०एस–सी० बायोलॉजी
- बी०एस–सी० बायोटेक्नोलॉजी
- बी०सी०ए०
- एम0कॉम/बी०कॉम०
- बी०ए० (केवल छात्राओं हेतु)
- एन०सी०सी०, एन०एस०एस०






बताया गया। चतुर्थ दिवस में तम्बू लगाना, ध्वजारोहण की तैयारियों आदि के बारे में बताया गया। कैम्प के अंतिम दिन सभी स्काउट गाइड ने अपनी–अपनी टोली के अनुसार अपने तम्बू को सजाया एवं कैम्प फायर में भोजन बनाया। कैम्प में टोलियों के अनुसार अनेक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया जैसे व्यंजन प्रतियोगिता, तम्बू लगाना प्रतियोगिता इत्यादि। प्राचार्य डा0 ललित कुमार गुप्ता, नैक कॉर्डिनेटर रेशू भारद्वाज, उपप्राचार्य डा0 नीरज कुमार, कार्यालय प्रमुख गुणेश कुमार, बी0सी0ए0 के सहायक प्राध्यापक पुष्पेन्द्र सिंह आदि ने निरीक्षक मंडल के रूप में तंबुओं का विधिवत निरीक्षण किया जिसमें सुनीता विलियम्स टोली को प्रथम, भारत माता टोली को द्वितीय तथा रानी लक्ष्मीबाई टोली को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कैम्प मास्टर श्री पवन राठी ने सभी स्काउट एवं गाइड को स्काउट झंडे के समक्ष शपथ दिला कर स्काउट एवं गाइड कैम्प का समापन किया।




**विश्व रचनात्मकता एवं नवाचार दिवस** दिनांक 21 अप्रैल 2025 को महाविद्यालय परिसर में संस्थागत नवाचार परिषद (आई0आई0सी0) के अंतर्गत विश्व रचनात्मकता एवं नवाचार दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डा0 हरीश कुमार, प्राध्यापक, प्राणी विज्ञान, जे0वी0 कॉलेज, बडौत, नैक कॉर्डिनेटर रेशू भारद्वाज, उपप्राचार्य डा0 नीरज कुमार, आई0आई0सी0 संयोजक डॉ कुष्मेन्द्र सिंह एवं कार्यालय प्रमुख गुणेश कुमार द्वारा मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया गया। कार्यक्रम तीन चरणों में संचालित किया गया। प्रथम चरण में मुख्य अतिथि डॉ हरीश कुमार ने विद्यार्थियों को नये रचनात्मक विचारों को अपनाने और अपने क्षेत्र में आधुनिक परियोजनाओं को विकसित करने के लिये प्रेरित किया। तत्पश्चात् डा0 अंशुल मिश्रा, विभागाध्यक्ष, भौतिकी ने नवाचार में बाधा डालने वाली बाधाओं की ओर ध्यान दिलाया और उनका समाधान भी प्रस्तुत किया। अंत में डा0 राजकुमार सिंह, विभागाध्यक्ष, समाजशास्त्र द्वारा विश्व रचनात्मकता एवं नवाचार दिवस के इतिहास के विषय में बताया गया। द्वितीय चरण में विद्यार्थियों द्वारा मंचासीन अतिथियों के समक्ष अपनी कुछ परियोजनायें प्रस्तुत की गयीं जैसे अग्निशमन रोबाट, ड्रोन, रोबोटिक्स कार वैक्यूम क्लीनर, ब्लाइंड ग्लास, कार्बन डाइऑक्साइड की पहचान, वाष्पशील और अवाष्पशील द्रव में अंतर, सिंथेटिक दूध, ऊष्माक्षेपी अभिक्रिया आदि जिनकी मुख्य अतिथि द्वारा बहुत सराहना की गयी। तृतीय चरण में विद्यार्थियों द्वारा जन जागरूकता हेतु कुछ पोस्टर भी बनाये गये जैसे जल प्रदूषण, खाद्य पदार्थों में मिलावट इत्यादि। कार्यक्रम में पुस्तकालयाध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा, भौतिकी के सहा0 प्राध्यापक रोहन कुमार, गणित विभागाध्यक्ष प्रशान्त शर्मा, बी0सी0ए0 के सहायक प्राध्यापक पुष्पेन्द्र सिंह, कृष्ण कुमार एवं 75 से अधिक विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक गणित के सहायक प्राध्यापक मंदीप सिंह रहे।



**कार्यशाला** दिनांक 25 अप्रैल 2025 को महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका विषय BUSINESS MODEL CANVAS रहा। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य डा0 ललित कुमार गुप्ता, नैक कॉर्डिनेटर रेशू भारद्वाज, उपप्राचार्य डा0 नीरज कुमार, आई0आई0सी0 संयोजक डॉ कुष्मेन्द्र सिंह, गणित विभागाध्यक्ष प्रशान्त शर्मा, बी0सी0ए0 के सहायक प्राध्यापक पुष्पेन्द्र सिंह, बी0एड0 की सहा0 प्राध्यापिका कुशमांडे आर्य, बी0ए0 विभागाध्यक्ष डा0 हेमा राघव, बी0कॉम के सहा0 प्राध्यापक आकाश चौहान, मनीष कुमार, सहा0 प्राध्यापिका सलोनी भटनागर एवं कार्यालय प्रमुख गुणेश कुमार द्वारा मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया गया। तत्पश्चात् कार्यक्रम संचालिका एवं बी0कॉम विभागाध्यक्ष अंजली शर्मा द्वारा 2005 में आये BUSINESS MODEL CANVAS में दिये गये नौ प्रमुख तत्वों, जिन्हें व्यवसाय करते समय ध्यान में रखा जाना चाहिये, पर अंतर्दृष्टि दी गयी। इसके अतिरिक्त BUSINESS MODEL CANVAS की तैयारियों के समय आने वाली समस्याओं को प्रस्तुत किया गया, साथ ही उनकी चुनौतियों को कैसे दूर किया जाये, इस पर भी विचार किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य, उपस्थित प्रतिभागियों को ज्ञान और कौशल से परिपूर्ण करना एवं नवाचार व उद्यमिता को बढावा देना रहा। कार्यशाला में लगभग 51 छात्र–छात्रायें उपस्थित रहे। कार्यशाला की संयोजिका वाणिज्य विभागाध्यक्ष अंजली शर्मा रहीं।



**फायरिंग प्रशिक्षण** 39वीं यू0पी0 बटालियन एन0सी0सी0 खुर्जा के कमान अधिकारी योगेन्द्र सिंह नेगी के निर्देशानुसार महाविद्यालय में दिनांक 28, 29 व 30 अप्रैल 2025 को एन0सी0सी0 कैडेट्स का फायरिंग प्रशिक्षण हुआ। प्राचार्य डा0 ललित कुमार गुप्ता द्वारा सभी कैडेट्स को फायरिंग के बारे में मार्गदर्शन मिला। एन0सी0सी0 कैडैट्स ने अपने–अपने अनुभव के आधार पर फायरिंग का अभ्यास किया। इस फायरिंग अभ्यास प्रशिक्षण में प्रथम दिन ग्राम आंचरूकला के 20 कैडेट्स व रावत पब्लिक स्कूल से 16 कैडेट्स उपस्थित रहे। द्वितीय दिवस पर सूरजभान सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलिज के 36 कैडेट्स उपस्थित रहे व अंतिम दिवस पर श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय, शिकारपुर के 25 कैडैट्स उपस्थित रहे। यह प्रशिक्षण हवलदार विक्रम सिंह और अवतार सिंह के निर्देशन में हुआ। फायरिंग प्रशिक्षण अभ्यास सुबह 9.00 बजे से 12.00 बजे तक चला। इस प्रशिक्षण में श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय से 2 कैडेट्स का चयन हुआ। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण में 105 कैडेट्स उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान महाविद्यालय

के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष ब्रजपाल सिंह, उपप्राचार्य डा0 नीरज कुमार, नैक कॉर्डिनेटर रेशू भारद्वाज, कार्यालय प्रमुख गुणेश कुमार आदि उपस्थित रहे।



**राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस** दिनांक 10 मई 2025 को महाविद्यालय में इंस्टीटयूशनल इन्नोवेशनल सैल (आई0आई0सी0) द्वारा विद्यार्थियों को नवीनतम प्रौद्योगिकी तथा नवाचार के सम्बन्ध में ज्ञान प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया गया जिसका विषय ''विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिये भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना'' रहा। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य डा0 ललित कुमार गुप्ता, उप प्राचार्य डा0 नीरज कुमार, आई0आई0सी0 संयोजक डा0 कुष्मेन्द्र सिंह, सहायक प्राध्यापक पुष्पेन्द्र सिंह, मनीष कुमार, मनोज कुमार, अंजली शर्मा, सलोनी भटनागर तथा अन्य संकाय सदस्यों द्वारा मॉ शारदे के समक्ष दीप–प्रज्जवलित कर की गयी। प्राचार्य महोदय ने नवाचार और प्रौद्योगिकी में देश की वर्तमान स्थिति के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी तथा इस सम्बन्ध में उपस्थित विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का निवारण भी किया। कार्यक्रम के संयोजक बी0कॉम विभाग के सहायक प्राध्यापक आकाश चौहान रहे तथा उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित स्टॉफ तथा विद्यार्थियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में लगभग 185 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्राचार्य महोदय ने महाविद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों के लिये एन0एस0पी0सी0 द्वारा प्रायोजित त्रैमासिक डाटा साइंस ट्रेनिंग प्रोग्राम के सम्बन्ध में जानकारी दी तथा छात्र–छात्राओं ने उपरोक्त कार्यक्रम में अपना पंजीकरण भी कराया।

**स्वागत समारोह** महाविद्यालय के बी0सी0ए0 छात्र निशान्त कश्यप ने प्रयागराज में दिनांक 9 व 10 जून 2025 को आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिता के डेकाथलान इवेंट में भाग लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस शुभ अवसर पर दिनांक 13 जून 2025 को महाविद्यालय द्वारा छात्र निशान्त कश्यप के सम्मान में एक स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डा0 ललित कुमार गुप्ता ने बताया कि एक खिलाडी में सच्ची भावना खेल के प्रति होती है, जिसके द्वारा खिलाडी अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर नैक कॉर्डिनेटर रेशू भारद्वाज, शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष ब्रजपाल सिंह, बी0एड0 की सहायक प्राध्यापिका रूचि राघव, बी0सी0ए0 के सहायक प्राध्यापक पुष्पेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।



**योग दिवस** दिनांक 21 जून 2025 को प्रातः 7.00 बजे शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका विषय "एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए" रहा। योग दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रकार की यौगिक क्रियायें, सूर्य नमस्कार, आसन व प्राणायाम इत्यादि कराये गये। इस अवसर पर प्राचार्य डा0 ललित कुमार गुप्ता ने योग से होने वाले लाभों पर प्रकाश डालते हुये बताया कि योग करने से मनुष्य बलवान रहता है। साथ ही कहा कि एक स्वस्थ शरीर में एक स्वस्थ मन का निवास होता है, यह सिर्फ कहावत नही है अपितु योग का सार है। विकारों की जटिलताओं से जूझ रहे विश्व को योग भारत द्वारा दिया गया उपहार है। शारीरिक शिक्षा विभाागाध्यक्ष ब्रजपाल सिंह ने बताया कि योग द्वारा मनुष्य अपने शरीर को स्वस्थ एवं निरोगी रख सकता है। बी0सी0ए0 के सहायक प्राध्यापक पुष्पेन्द्र सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में नैक कोऑर्डिनेटर रेशू भारद्धाज, उप प्राचार्य डा0 नीरज कुमार, कार्यालय प्रमुख गुणेश कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के संयोजक शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष ब्रजपाल सिंह, बी0एड0 की सहायक प्राध्यापिका शालिनी शर्मा एवं बी0सी0ए0 के सहायक प्राध्यापक पुष्पेन्द्र सिंह रहे। संस्थान के सभी शिक्षक एवं गैर–शिक्षक स्टाफ व लगभग 200 विद्यार्थी इस विशेष दिवस पर उपस्थित रहे।





**भारतीय भाषा इंटर्नशिप कार्यक्रम** विद्या भारती उच्च शिक्षण संस्थान, तमिलनाडु के तत्वाधान में दिनांक 17 जुलाई से 27 जुलाई 2025 तक श्री कृष्ण आर्टस एंड साइंस कॉलेज, कुनियामुथुर, कोयम्बटूर में लर्न भारतीय भाषा इंटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय से बी0सी0ए0 के विभागाध्यक्ष संभव सिंघल तथा बी0सी0ए0 के छात्रों, कार्तिक मित्तल, अश्नेन्द्र कुमार, अभिषेक कुमार, विष्णु कुमार, प्रिंस कुमार, विवेक शर्मा, दीपेन्द्र कुमार तथा शोभित शर्मा ने भाग लिया। कार्यक्रम में जाने वाले सभी विद्यार्थियों को फूलमाला पहनाकर तथा तिलक कर उन्हें महाविद्यालय प्रांगण से विदा किया गया। इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को तमिल भाषा तथा तमिल रीति–रिवाजों को सीखने का मौका मिला। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में योग तथा ध्यान, तमिलनाडु राज्य तथा उसकी जीवन शैली, तमिल साहित्य, तमिलनाडु के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, कम्बर रामायण, भक्ति साहित्य, मंदिर संस्कृति का महत्व, भरथियार की कवितायें, पोंगल उत्सव के बारे में जानकारी देने के साथ ही, औद्योगिक भ्रमण भी कराया गया। कार्यक्रम की समाप्ति पर सभी को प्रतिभाग प्रमाण–पत्र प्रदान किये गये। सभी प्रतिभागियों द्वारा कार्यक्रम में प्रदान की गयी जानकारी तथा कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाओं की प्रशंसा की गयी। महाविद्यालय वापस आने पर सभी विद्यार्थियों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक श्री अनुराग गोयल, प्राचार्य डा0 ललित कुमार गुप्ता, नैक कॉर्डिनेटर रेशू भारद्वाज, उप प्राचार्य डा0 नीरज कुमार, कार्यालय प्रमुख गुणेश कुमार तथा महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।



**राखी उत्सव** दिनांक 08 अगस्त 2025 को महाविद्यालय के बी0सी0ए0 तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा राखी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रक्षाबंधन भाई व बहन के बीच प्रेम के पवित्र बंधन का उत्सव के रूप में मनाने का एक विशेष अवसर है जो सभी मानवीय भावनाओं मे सबसे गहरी और महान है। इस अवसर पर बी0सी0ए0 के विभागाध्यक्ष संभव सिंघल, सहायक प्राध्यापक पुष्पेन्द्र सिंह, पीयूष मोहन, कृष्ण कुमार, मयंक शर्मा एवं सहायक प्राध्यापिका मुक्ता गौड व बी0सी0ए0 के समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।



**हर घर तिरंगा रैली** दिनांक 11 अगस्त 2025 को महाविद्यालय के एन0सी0सी0 कैडेट्स द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुये भगत सिंह चौक से घर–घर तिरंगा साइकिल रैली निकाली गयी जिसका शुभारम्भ प्राचार्य डा0 ललित कुमार गुप्ता, एन0सी0सी0 ए0एन0ओ0 डा नीरज कुमार व नैक कोर्डिनेटर रेशु भारद्वाज के द्वारा किया गया जिसमें एस0डब्लू–15, एस0डी0–05, ए0एन0ओ0–01 उपस्थित रहे। साइकिल रैली के दौरान कैडेट्स ने देशभक्ति के नारे लगाये और तिरंगे को शान से लहराया। इस साइकिल रैली का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति की भावना को बढावा देना और एन0सी0सी0 कैडेट्स के बीच एकता और अनुशासन की भावना को मजबूत करना है। हर घर तिरंगा रैली का मुख्य उद्देश्य भारत के प्रत्येक नागरिक में देशभक्ति की भावना को जगाना, राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान बढाना एवं अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिये प्रोत्साहित करना था।



**नशा मुक्त भारत अभियान** दिनांक 13 अगस्त 2025 को श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय के प्रांगण में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सी0ओ0 शिकारपुर श्री मधु कुमार सिंह रहे। उनके साथ साइबर क्राइम सुरक्षा से जुडे हुये इंस्पेक्टर श्री वीरेन्द्र कुमार एवं सब इंस्पेक्टर श्री नीरज कुमार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में महाविद्यालय प्राचार्य डा0 ललित कुमार गुप्ता तथा उपस्थित अतिथियों ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्जवलन तथा पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में सी0ओ0 महोदय द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने तथा उसके दुष्प्रभावों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। इसके उपरान्त सभी उपस्थित शिक्षकों तथा विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के सम्बन्ध में एक शपथ दिलायी गयी। इसके बाद साइबर क्राइम सुरक्षा से जुडे हुये अतिथियों ने उपस्थित शिक्षकों तथा विद्यार्थियों को उदाहरण देकर साइबर क्राइम, इंटरनेट तथा मोबाइल द्वारा किये जाने वाले अपराधों के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से बताया तथा इससे बचाव के उपायों के सम्बन्ध में जानकारी दी। प्राचार्य महोदय ने भी सभी उपस्थित विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के सम्बन्ध में बताते हुये उससे दूर रहने तथा साइबर क्राइम के प्रति सतर्क रहने हेतु प्रेरित किया। साथ ही कार्यक्रम में आये अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन बी0सी0ए0 विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री पुष्पेन्द्र सिंह ने किया। इस अवसर पर नैक कॉर्डिनेटर रेशू भारद्वाज, उपप्राचार्य डा0 नीरज कुमार, पुस्तकालयाध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा, सहायक प्राध्यापक संभव सिंघल, ब्रजपाल सिंह, प्रशान्त शर्मा, मयंक शर्मा, आकाश चौहान, डा0 जितेन्द्र सिंह एवं कार्यालय प्रमुख गुणेश कुमार आदि उपस्थित रहे।



**स्वतंत्रता दिवस** दिनांक 15 अगस्त 2025 को महाविद्यालय प्रांगण में 79वां स्वतंत्रता दिवस पूर्ण हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय के अध्यक्ष श्री अशोक कुमार मित्तल,वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा. गिरीशचंद गुप्ता, कनिष्ठ उपाध्यक्ष श्री पवन जायसवाल, प्रबन्धक श्री अनुराग गोयल, उप प्रबन्धक श्री संदीप जैन व प्रबंध समिति के माननीय सदस्यों श्री सुशील कुमार बंसल, श्री विवेक जैन, श्री विकास गर्ग, मंडल अध्यक्ष, भाजपा आदि द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात् उप प्राचार्य डा. नीरज कुमार द्वारा उपस्थित अतिथियों का परिचय कराया गया एवं महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा उपस्थित अतिथियों का बैज लगाकर व टीका कर स्वागत किया गया। प्रबंध समिति के माननीय सदस्यों द्वारा महापुरूषों के चित्रों के समक्ष दीप जलाकर व पुर्ष्पाचन कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे ऑपरेशन सिंदूर पर लघु नाटिका, देशभक्ति गीत व देशभक्ति नृत्य आदि प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष महोदय द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों को देश के प्रति अपना पूर्ण समर्पण करने हेतु प्रेरित किया गया। प्राचार्य डा0 ललित कुमार गुप्ता ने इस स्वतंत्रता दिवस की थीम विकसित भारत पर प्रकाश डाला तथा उपस्थित अतिथियों एवं शिक्षकों तथा विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को सफल बनाने में अन्य सभी के साथ साथ नैक कॉर्डिनेटर रेशू भारद्वाज, अंकिता भारद्वाज, उपप्राचार्य डा. नीरज कुमार एवं कार्यालय प्रमुख गुणेश कुमार आदि का विशेष योगदान रहा। स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थी, शिक्षकगण व अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन बी0सी0ए विभाग के सहायक प्राध्यापक पुष्पेन्द्र सिंह ने किया।

**कार्यशाला** दिनांक 18 अगस्त से 23 अगस्त 2025 तक महाविद्यालय के शिक्षा संकाय द्वारा बी.एड. द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिये एक छह दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका विषय ''रचनात्मक दृष्टिकोण आधार पर पाठ योजना'' रहा। कार्यशाला का शुभारम्भ शिक्षा विभाग के समस्त शिक्षकों द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य बी.एड. द्वितीय वर्ष के छात्रों को शिक्षा से जुडे विभिन्न दृष्टिकोणों जैसे पाठ योजना का रचनात्मक लेखन, समस्या समाधान, संकल्पना मानचित्रण, जांच दृष्टिकोण, सामाजिक पूछताछ आदि के विषय में जानकारी दी गयी ताकि छात्र इन दृष्टिकोणों के माध्यम से शिक्षा कार्य को सुगमतापूर्वक कर सके। कार्यशाला के समापन पर बी0एड0 द्वितीय वर्ष के समस्त विद्यार्थी व शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यशाला की संयोजिका बी0एड0 विभाग की सहायक प्राध्यापिका डा0 काजल तौमर रहीं।






**रीजनल एक्सीलेंस अवॉर्ड–2025** श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय, शिकारपुर विगत 25 वर्षो से उत्तर प्रदेश के बुलन्दशहर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में उच्च शिक्षा का एक प्रमुख केन्द्र बनकर, विभिन्न प्रकार के पारम्परिक एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों द्वारा क्षेत्र में ज्ञान का प्रकाश फैला रहा है। इसी उपलब्धि को ध्यान में रखते हुये उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विख्यात रविन्द्रनाथ टैगोर राष्ट्रीय पुरस्कार समिति द्वारा महाविद्यालय को ''रीजनल एक्सीलेंस अवॉर्ड–2025'' हेतु चुना गया। यह पुरस्कार दिनांक 22 अगस्त 2025 को नियो कन्वेंशन, जनवाडा, हैदराबाद में महाविद्यालय के प्राचार्य डा0 ललित कुमार गुप्ता ने प्राप्त किया। प्राचार्य महोदय को यह पुरस्कार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो0 बासुठाकर राव, कुलपति, हैदराबाद विश्वविद्यालय तथा डा0 मिलिंद पाण्डे, प्रो0वी0सी0, एम0आई0टी0 वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी, पुणे द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार की संस्था एन0एस0डी0सी0 (राष्ट्रीय कौशल विकास निगम) व एजुटेक एक्सपो–2025 द्वारा किया गया था जिसमें अतिथि के रूप में विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, उपकुलपति, डायरेक्टर, प्राचार्य एवं अन्य जाने–माने शिक्षाविद् तथा राजनीतिज्ञ उपस्थित थे। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि महाविद्यालय को ''रीजनल एक्सीलेंस अवॉर्ड'' प्राप्त होना, ना केवल महाविद्यालय के लिये अपितु क्षेत्र की जनता के लिये भी गौरव का विषय है। इस अवसर पर महाविद्यालय के अध्यक्ष श्री अशोक कुमार मित्तल, प्रबन्धक श्री अनुराग गोयल, उप प्रबन्धक श्री संदीप जैन, कोषाध्यक्ष श्री अनिल कुमार मित्तल आदि ने महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकों व सहयोगी स्टॉफ की सराहना करते हुये बधाई दी तथा भविष्य में भी महाविद्यालय की प्रगति के लिये हर प्रकार के सहयोग की प्रतिबद्धता प्रकट की।




**दीक्षारम्भ कार्यक्रम** दिनांक 23 अगस्त 2025 को महाविद्यालय में बी0सी0ए0 विभाग में प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित विद्यार्थियों का दीक्षारम्भ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ० सचिन कुमार, विभागाध्यक्ष, शिक्षा विभाग, श्री माधव कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड टेक्नोलाजी, हापुड एवं सह सचिव, विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, मेरठ प्रांत व डा० योगेश कुमार, सहायक आचार्य, शिक्षा विभाग, आर्मी इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेंट, ग्रेटर नोएडा एवं सदस्य, विद्वत परिषद, विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, मेरठ प्रांत एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डा0 ललित कुमार गुप्ता रहे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में प्राचार्य महोदय तथा उपस्थित अतिथियों ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्जवलन तथा पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। तदोपरांत छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया गया। बी0सी0ए0 विभाग के सहायक प्राध्यापक मयंक शर्मा द्वारा उपस्थित अतिथियों का परिचय कराया गया। प्राचार्य महोदय द्वारा सभी नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत किया गया तथा विद्यार्थियों को महाविद्यालय के क्रियाकलापों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बी0सी0ए विभाग के सहायक प्राध्यापक पुष्पेन्द्र सिंह ने पी0पी0टी0 के माध्यम से महाविद्यालय के इतिहास, प्रबन्ध समिति तथा बी0सी0ए0 विभाग के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की। तदुपरान्त मुख्य अतिथि डा0 सचिन कुमार व डा0 योगेश कुमार ने पी0पी0टी0 का प्रयोग कर उपस्थित विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परम्परा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुये उन्हें विद्या तथा शिक्षा के बीच अंतर को समझाया तथा विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान के विषय में जानकारी दी। इसके बाद दिनांक 13 अगस्त को हुये क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण–पत्र वितरित किये गये जिसमें प्रथम स्थान मनीषा सैनी व भावेश कुमार ने प्राप्त किया। दिनांक 17 जुलाई से 27 जुलाई 2025 तक तमिलनाडु में विद्या भारती द्वारा आयोजित समर कैंप में गये विद्यार्थियों द्वारा इस यात्रा के सम्बन्ध में पी0पी0टी0 के माध्यम से जानकारी दी गयी। तत्पश्चात् नवप्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय द्वारा निःशुल्क बैग का वितरण किया गया, साथ ही सभी विद्यार्थियों को महाविद्यालय का भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर नैक कॉर्डिनेटर/एच0आर0 सुश्री रेशू भारद्वाज, उप प्राचार्य डा0 नीरज कुमार, शारीरिक प्रमुख ब्रजपाल सिंह, पुस्तकालयाध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा एवं कार्यालय अधीक्षक गुणेश कुमार द्वारा अपने विभागों के बारे में जानकारी दी गयी। इस अवसर पर बी0सी0ए0 विभागाध्यक्ष संभव सिंघल, कला संकाय विभागाध्यक्ष डा0



हेमा राघव, गणित विभागाध्यक्ष प्रशान्त शर्मा, बायोटेक विभागाध्यक्ष डा0 जितेन्द्र सिंह तथा बी0सी0ए0 की सहा0 प्राध्यापिका मुक्ता गौड व सहा0 प्राध्यापक पीयूष मोहन व कृष्ण कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बी0सी0ए विभाग के सहायक प्राध्यापक पुष्पेन्द्र सिंह ने किया।



**दीक्षारम्भ कार्यक्रम** दिनांक 25 अगस्त 2025 को महाविद्यालय में विज्ञान संकाय प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित विद्यार्थियों का दीक्षारम्भ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ० सचिन कुमार, विभागाध्यक्ष, शिक्षा विभाग, श्री माधव कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड टेक्नोलॉजी, हापुड एवं सह सचिव, विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, मेरठ प्रांत व डॉ० योगेश कुमार, सहायक आचार्य, शिक्षा विभाग, आर्मी इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेंट, ग्रेटर नोएडा एवं सदस्य, विद्वत परिषद, विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, मेरठ प्रांत एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डा0 ललित कुमार गुप्ता रहे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में प्राचार्य तथा उपस्थित अतिथियों ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्जवलन तथा पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। तदोपरांत छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया गया। रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष व उप प्राचार्य डा0 नीरज कुमार ने उपस्थित अतिथियों का परिचय कराया। अतिथियों को पटका पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। प्राचार्य महोदय ने सभी नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। गणित विभागाध्यक्ष प्रशान्त शर्मा ने पी0पी0टी0 के माध्यम से महाविद्यालय व प्रबन्ध समिति तथा विज्ञान संकाय के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की। तदुपरान्त मुख्य अतिथि डा0 सचिन कुमार व डा0 योगेश कुमार ने पी0पी0टी0 का प्रयोग कर उपस्थित विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परम्परा एवं गुणवत्तायुक्त शिक्षा के बारे में जानकारी दी। विज्ञान संकाय के सभी विभागाध्यक्षों द्वारा नवप्रवेशित विद्यार्थियों को उनके विभागों के सम्बन्ध में बताया गया। नैक कॉर्डिनेटर/एच0आर0 रेशू भारद्वाज, शारीरिक प्रमुख ब्रजपाल सिंह, पुस्तकालयाध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा एवं कार्यालय अधीक्षक गुणेश कुमार द्वारा विद्यार्थियों को अपने विभागों के बारे में जानकारी दी गयी। इस अवसर पर बी0सी0ए0 विभागाध्यक्ष संभव सिंघल, कला संकाय विभागाध्यक्ष डा0 हेमा राघव, जन्तु विज्ञान के विभागाध्यक्ष डा0 जितेन्द्र सिंह व बायोटेक की विभागाध्यक्ष श्वेता कौशिक तथा विज्ञान संकाय के समस्त शिक्षक/शिक्षिकायें एवं अनुशासन समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन रसायन के सहायक प्राध्यापक कृष्णेन्द्र सिंह व गणित विभागाध्यक्ष प्रशान्त शर्मा ने संयुक्त रूप से किया।




**कार्यशाला** दिनांक 25 अगस्त से 30 अगस्त 2025 तक महाविद्यालय के शिक्षा संकाय द्वारा बी0एड0 द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिये एक छह दिवसीय सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारम्भ शिक्षा संकाय के समस्त शिक्षकों द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य बी0एड0 द्वितीय वर्ष के छात्रों को आवश्यक तकनीकी कौशल और ज्ञान से सुसज्जित करना ताकि वे अपने शिक्षण अभ्यासों में संचार और आई0सी0टी0 का प्रभावी ढंग से प्रयोग कर सकें। कार्यशाला में संचार और शिक्षण के लिये विभिन्न आई0सी0टी0 उपकरणों और प्लेटफॉर्मों व पाठ योजना, संसाधन निर्माण और मूल्यांकन के लिये रणनीतियों पर चर्चा की गयी। कार्यशाला के अंतिम दिन छात्रों द्वारा पी0पी0टी0 प्रस्तुत किये गये। कार्यशाला के समापन पर बी0एड0 द्वितीय वर्ष के समस्त विद्यार्थी व शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यशाला की संयोजिका बी0एड0 विभाग की सहायक प्राध्यापिका रूचि राघव रहीं।



**रंगोली व पोस्टर प्रतियोगिता** दिनांक 28 अगस्त 2025 को महाविद्यालय में गृह विज्ञान व कला विभाग द्वारा संयुक्त रूप से रंगोली व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बी0ए0 की छात्राओं ने भाग लिया। निर्णायक मण्डल में प्राचार्य डा0 ललित कुमार गुप्ता, नैक कॉर्डिनेटर रेशू भारद्वाज, कला संकाय की विभागाध्यक्ष डा0 हेमा राघव, गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष भावना चौधरी, कला विज्ञान की सहा0 प्राध्यापिका भक्ति सिंह, हिन्दी की सहा0 प्राध्यापिका कीर्ति शर्मा,, बी0एड0 की सहा0 प्राध्यापिका हृदयेश राजपूत व रूचि राघव आदि रहे। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर भूमिका, निधि, आरती व निर्मल व द्वितीय स्थान पर लक्ष्मी, सुधा व काजल तथा तृतीय स्थान पर सानिया, नेहा, रिजवाना, राखी व वंशिका रहीं। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर एम0ए0 गृहविज्ञान की छात्रा सिफ्त जेहरा व द्वितीय स्थान पर बी0ए0 तृतीय वर्ष की छात्रा इलमा तथा तृतीय स्थान पर बी0ए0 द्वितीय वर्ष की छात्रा चेतना व प्रवेश कुमारी रहीं। प्रतियोगिता का उद्देश्य कलात्मक रचनात्मकता को बढावा देना, पारम्परिक सांस्कृतिक प्रथाओं को संरक्षित करना एवं सामाजिक और पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति जागरूकता बढाना था। प्रतियोगिता का संयोजन व संचालन गृह विज्ञान विभाग विभागाध्यक्ष भावना चौधरी व कला विज्ञान की सहा0 प्राध्यापिका भक्ति सिंह ने संयुक्त रूप से किया।





**राष्ट्रीय खेल दिवस** हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले पदमभूषण मेजर ध्यानचन्द जी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा दिनांक 29 अगस्त 2025 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। प्राचार्य डा0 ललित कुमार गुप्ता, नैक कॉर्डिनेटर / एच0आर0 रेशू भारद्वाज, पुस्तकालयाध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा व शारीरिक प्रमुख ब्रजपाल सिंह ने मां शारदे एवं मेजर ध्यानचन्द के चित्रों के समक्ष पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। रसायन विभाग के सहायक प्राध्यापक डा0 कुष्मेंद्र सिंह द्वारा उपस्थित अतिथियों का परिचय कराया गया। इसके बाद ब्रजपाल सिंह ने मेजर ध्यानचन्द के जीवन से सम्बन्धित महत्वपूर्ण घटनाओं का उल्लेख करते हुये उनकी उपलब्धियों के संबंध में विस्तारपूर्वक बताया। प्राचार्य महोदय ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि विद्यार्थी जीवन में पढाई के साथ–साथ खेल–कूद का भी समान महत्व है क्योकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है। उन्होंने शिक्षा के साथ साथ शारीरिक शिक्षा प्राप्त करने पर भी बल दिया तथा विद्यर्थियों को महाविद्यालय में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं में सक्रिय रूप से भाग लेने व मेजर ध्यानचंद की तरह ही देश एवं विदेश में भारत का नाम ऊंचा करने हेतु प्रेरित किया। तत्पश्चात् शपथ ग्रहण के बाद शिक्षकों तथा विद्यार्थियों के मध्य शारीरिक दक्षता गतिविधियां करायी गयी एवं सभी प्रतिभागियों ने विभिन्न खेलों मे अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। ब्रजपाल सिंह द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों, प्रतिभागियों तथा व्यवस्था में सहयोग देने वाले शिक्षकों मनीष कुमार व कृष्ण कुमार एवं उपस्थित शिक्षकों गणित विभागाध्यक्ष प्रशान्त शर्मा, कला संकाय की विभागाध्यक्ष डा0 हेमा राघव, अंकिता भारद्वाज, मयंक शर्मा, कुष्मांडे आर्या, श्वेता कौशिक, धीरज कुमार, हद्‌येश राजपूत आदि एवं सहयोगी स्टॉफ को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शारीरिक प्रमुख ब्रजपाल सिंह द्वारा किया गया।







**दीक्षारम्भ कार्यक्रम** दिनांक 30 अगस्त 2025 को महाविद्यालय में बी0कॉम0 विभाग में प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित विद्यार्थियों का दीक्षारम्भ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चार्टर्ड एकाउटेंट श्री पी0 के0 जैन एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डा0 ललित कुमार गुप्ता, नैक कॉर्डिनेटर / एच0आर0 रेशू भारद्वाज व उप प्राचार्य डा0 नीरज कुमार रहे। अतिथियों ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्जवलन तथा पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। बी0कॉम0 विभाग की सहा0 प्राध्यापिका सलोनी भटनागर द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया गया। बी0कॉम0 विभाग के सहा0 प्राध्यापक आकाश चौहान द्वारा उपस्थित अतिथियों का परिचय कराया गया। प्राचार्य महोदय द्वारा सभी नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत किया गया तथा विद्यार्थियों को महाविद्यालय के क्रियाकलापों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बी0कॉम0 विभागाध्यक्ष अंजली शर्मा ने पी0पी0टी0 के माध्यम से महाविद्यालय के इतिहास, प्रबन्ध समिति तथा बी0कॉम0 विभाग के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की। तदुपरान्त मुख्य अतिथि ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुये उन्हें कॉमर्स विषय एवं भविष्य में प्राप्त होने वाले रोजगारों के सम्बन्ध में जानकारी दी। साथ ही उन्होनें उपस्थित विद्यार्थियों को अपने जीवन से सम्बन्धित संस्मरण बताये तथा लगन, मेहनत व अनुशासन को, ना केवल पढाई में, बल्कि जीवन में भी सफल होने के लिये अति आवश्यक बताया। इसके अलावा उन्होंने महाविद्यालय को टैली साफ्टवेयर सिखाने के लिये एक लैब बनवाने का सुझाव दिया तथा बी0कॉम के विद्यार्थियों को दो महीने की इंटर्नशिप भी ऑफर की। इसके बाद नवप्रवेशित विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के लिये बी0कॉम विभाग द्वारा क्विज तथा पर्ची निकालो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं विजेताओं को उपहार भेंट किये। तत्पश्चात् नवप्रवेशित विद्यार्थियों को विभाग द्वारा सूक्ष्म जलपान कराया गया व महाविद्यालय का भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर पुस्तकालय अध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा, शारीरिक प्रमुख ब्रजपाल सिंह, गणित विभागाध्यक्ष प्रशान्त शर्मा, बी0सी0ए0 विभागाध्यक्ष संभव सिंघल, सहा0 प्राध्यापक डा0 कुष्मेन्द्र सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, धीरज कुमार व सहा0 प्राध्यापिका कुष्मांडे आर्या आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की व्यवस्था में बी0कॉम0 विभाग के सहा0 प्राध्यापक मनीष कुमार एवं विद्यार्थियों स्नेहा, ईशु पलावत, कपिल, जतिन, रश्मि व युक्ति आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन बी0कॉम0 विभागाध्यक्ष अंजली शर्मा व सहा0 प्राध्यापक आकाश चौहान ने किया।







**शिक्षक दिवस** दिनांक 05 सितम्बर 2025 को महाविद्यालय में देश के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति डा0 सर्वपल्ली राधाकृष्ण के जन्मदिवस पर शिक्षक दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डा0 ललित कुमार गुप्ता, नैक कॉर्डिनेटर / एच0आर0 रेशू भारद्वाज व उप प्राचार्य डा0 नीरज कुमार व अन्य शिक्षकों द्वारा डा0 सर्वपल्ली राधाकृष्ण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित व पुष्पार्चन कर किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय में कार्यरत् शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर स्टाफ को महाविद्यालय में दी गयी सेवाओं के लिये पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य महोदय द्वारा समाज में शिक्षक की भूमिका एवं उसके योगदान के विषय में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षा संकाय की सहा0 प्राध्यापिका रुचि राघव ने किया। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय स्टॉफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के समापन पर सूक्ष्म जलपान का आयोजन किया गया।



**वर्कशॉप** दिनांक 09 सितम्बर 2025 को महाविद्यालय में SEBI & NSE के अंतर्गत Smart Investor Awareness & Financial Literacy Workshop का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि Finance Educator, Securities Market Expert & Motivational Speaker श्री चन्द्रेश कुमार गुप्ता एवं प्राचार्य डा0 ललित कुमार गुप्ता, नैक कॉर्डिनेटर रेशू भारद्वाज व उप प्राचार्य डा0 नीरज कुमार रहे। अतिथियों ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्जवलन तथा पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को वित्तीय प्रबंधन और शेयर मार्केट में निवेश के संबध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उनके द्वारा विभिन्न प्रकार के उदाहरण तथा अपने संस्मरणों का उल्लेख कर विषय के संबंध में बताया गया। वर्कशॉप में बी0कॉम व बी0सी0ए0 के लगभग 200 विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर बी.कॉम. विभागाध्यक्ष अंजली शर्मा,बी.सी.ए. विभागाध्यक्ष संभव सिंघल,गणित विभागाध्यक्ष प्रशान्त शर्मा, पुस्तकालय अध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा, सहा0 प्राध्यापक आकाश चौहान, मनीष कुमार, पुष्पेन्द्र सिंह, मयंक शर्मा, कृष्ण कुमार, सहा0 प्राध्यापिका सलोनी भटनागर, मुक्ता गौड आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन बी0कॉम0 विभागाध्यक्ष अंजली शर्मा ने किया।



**हिन्दी दिवस** दिनांक 14 सितम्बर 2025 को महाविद्यालय में हिन्दी विभाग द्वारा ''हिन्दी दिवस'' का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम नैक कॉर्डिनेटर रेशू भारद्वाज, उपप्राचार्य डा0 नीरज कुमार, हिन्दी की सहायक प्राध्यापिका श्रीमती कीर्ति शर्मा, समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डा0 राजकुमार सिंह, कला संकाय की विभागाध्यक्ष डा0 हेमा राघव, कार्यालय प्रमुख गुणेश कुमार आदि ने मॉ शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रजज्वलित कर पुष्पार्चन किया। तदुपरान्त कीर्ति शर्मा द्वारा कार्यक्रम की प्रस्ताविकी प्रस्तुत की गयी। बी0ए0 की छात्राओं लेखांशी शर्मा, अंजली शर्मा, गुंजन शर्मा, एंजल वर्मा, हिमानी, पायल, संध्या, सोनी त्यागी, बायोटेक की छात्रा दिव्या भारद्वाज एवं बी0सी0ए0 की छात्रा हिमानी द्वारा भाषण, कविता पाठ, दोहा पाठ, प्रेरणादायक गीत आदि मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। डा0 राजकुमार सिंह ने अपने उद्‌बोधन में बताया कि हिन्दी हमारी मातृभाषा है। हम सबको हिन्दी में ही व्यवहार करना चाहिये। दूसरी भाषाओं के साथ ही हमें अपनी मातृभाषा हिन्दी को सर्वोपरि स्थान देना चाहिये। बी0सी0ए0 के सहा0 प्राध्यापक पुष्पेन्द्र सिंह ने सुन्दर गीत के माध्यम से उद्‌गार व्यक्त किये। बी0एड0 विभागाध्यक्ष डा0 काजल तोमर ने अपने विचार कविता के माध्यम से प्रस्तुत किये। गृहविज्ञान की सहायक प्राध्यापिका भावना चौधरी एवं कला की सहायक प्राध्यापिका भक्ति सिंह ने प्रेरणादायक पंक्तियों के माध्यम से हिन्दी के महत्व को दर्शाया। कार्यक्रम का सफल संचालन बी0ए0 की छात्राओं लेखांशी शर्मा एवं अंजली शर्मा ने संयुक्त रूप से किया तथा संयोजिका हिन्दी की सहायक प्राध्यापिका श्रीमती कीर्ति शर्मा रहीं। हिन्दी दिवस कार्यक्रम में समस्त शैक्षिक स्टॉफ उपस्थित रहा।


**संरक्षक मण्डल**

| | | |
|---|---|---|
| श्री अशोक कुमार मित्तल | – | अध्यक्ष |
| श्री अनुराग गोयल | – | प्रबन्धक |
| श्री अनिल कुमार मित्तल | – | कोषाध्यक्ष |

**सम्पादक मण्डल**

| | | |
|---|---|---|
| मुख्य सम्पादक | – | डा० ललित कुमार गुप्ता |
| सम्पादक | – | प्रदीप कुमार शर्मा |
| सह–सम्पादक | – | अभिनव राना |



**महाविद्यालय विशेषतायें एवं सुविधायें:–**

- संस्कारी एवं अनुशासित वातावरण में रोजगारपरक उच्च शिक्षा।
- शांत, सुंदर व हरियाली युक्त परिसर।
- आई०सी०टी०, कम्प्यूटर लैब व स्मार्ट क्लासेज।
- सुव्यवस्थित प्रयोगशालायें तथा कक्षायें।
- पर्याप्त पुस्तकों सहित कम्प्यूटराइज्ड लाइब्रेरी।
- वाई–फाई इंटरनेट युक्त कैंपस।
- एन०सी०सी० तथा एन०एस०एस० यूनिट।
- सी०सी०टी०वी० कैमरा युक्त सुरक्षा व्यवस्था।
- सेमीनारों तथा कार्यशालाओं का आयोजन।
- निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु जेनरेटर तथा सोलर पावर।
- आर०ओ० युक्त शुद्ध पेयजल की व्यवस्था।
- क्रीडा सामग्री सहित विशाल खेल का मैदान।